मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश में कैंसर अस्पताल

1199. **श्री अजीत जोगी :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में कैंसर के रोगियों के उपचार के लिये विशिष्ट सुविधायुक्त तथा पर्याप्त संख्या में अस्पताल उपलब्ध नहीं हैं ;

(ख) क्या सरकार इन राज्यों में कैंसर के उपचार के लिये विशेष अस्पताल खोलने का विचार रखती है ; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या हैं और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारा देवी सिद्धार्थ) : (क) मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश की निम्नलिखित संस्थाओं में कैंसर के उपचार के लिये शल्य चिकित्सीय उपचार, केमोथिरेपी तथा रेडियोथिरैपी जैसी उपचार सुविधायें उपलब्ध हैं ।

1. मध्य प्रदेश :

1. गांधी मेडिकल कालेज तथा हमीदिया अस्पताल, भोपाल ।

2. कैंसर अस्पताल तथा अनुसंधान संस्थान, ग्वालियर

3. एस० जी० कैंसर अस्पताल, इंदौर ।

4. गर्वनमेंट मेडिकल कालेज एवं कैंसर हास्पिटल, जबलपुर ।

5. पंधार अस्पताल, बैतूल ।

6. जे०एन०एम० कालेज एण्ड हास्पिटल, रायपुर ।

उत्तर प्रदेश :

1. एस०एम० मेडिकल हास्पिटल, आगरा ।

2. जे०एन० मैडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, अलीगढ़ ।

3. के.एन. मेमोरियल हास्पिटल, इलाहाबाद ।

4. हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल, गोरखपुर ।

5. जे०के० कैंसर संस्थान, कानपुर ।

6. के०जी० मेडिकल कालेज तथा अस्पताल लखनऊ ।

7. आयुर्विज्ञान संस्थान, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी ।

8. भारतीय रेलवे कैंसर संस्थान, अनुसंधान केन्द्र, वाराणसी ।

(ख) और (ग) अस्पताल खोलना मूल रूप से राज्य का विषय है । तथापि, गर्वनमेंट मैडिकल कालेजों । अस्पतालों में आनकोलाजी विंगों के विकास के लिए केन्द्रीय योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के कुछेक गर्वनमेंट मैडिकल कालेजों में अस्पतालों को वित्तीय सहायता देने संबंधी एक प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है । मध्य प्रदेश में एक क्षेत्रीय कैंसर केन्द्र नामतः कैंसर अस्पताल तथा अनुसंधान संस्थान, ग्वालियर में पहले से ही विद्यमान है, जो कि कैंसर के लिए अद्यतन विशिष्ट उपचार सुविधाओं से सुसज्जित है ।

Problems created by the Polyclinics

1200. SHRI B. K. HARIPRASAD : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state :

(a) whether Government are aware of the problems created by the Polyclinics in the city and elsewhere in the country as reported in the Hindustan Times of October 27, 1991 ;

(b) whether Government propose to take any corrective steps in this regard; and

(c) if so, the details thereon ?